भीम DoIT 150 YEARS OF CELEBRATING

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक एफ 2(781)डीओआईटी/संस्था/10/02802/2022 जयपुर, दिनांक : 27/04/2022

**कार्यालय आदेश**

विभागीय समसंख्यक आदेश ML-3884 दिनांक 04/03/2022 की निरन्तरता में **अराजपत्रित कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति** RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से किए जाने के संबंध में निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए जाते है :-

(अ) सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, समस्त जिला कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, डिजास्टर रिकवरी साईट डीओआईटीसी, राजकॉम्प ईन्फो सर्विसेज लिमिटेड एवं भामाशाह डेटा सेन्टर में पदस्थापित समस्त संवर्ग/कैडर के अराजपत्रित कर्मचारी अपनी दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से अनिवार्य रूप से करेगें। **उपरोक्त कार्यालयों में दिनांक 01.05.2022 से दैनिक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज नहीं की जावेंगी।**

(ब) उपर्युक्त कार्यालयों में सभी प्रकार के अवकाश आवेदन RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के साथ-साथ राज-काज के माध्यम से अनिवार्य रूप से किए जाएगें।

(स) समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जो कि पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में है, वे अपनी दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से अपने मुख्यालय से करेगें।

(द) समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जो कि कार्य व्यवस्थार्थ अन्य विभाग में कार्यरत हैं, वे भी अपनी दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से अपने कार्य स्थल से अनिवार्य रूप से करेगें।

(य) निलंबित (Suspended) अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपने मुख्यालय से दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से करेगें।

**दिनांक 01.05.2022 के पश्चात दैनिक उपस्थिति RajSSO-AMS(Attendance) Mobile App के माध्यम से नहीं करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेंगी।**

आज्ञा से,

27/04

(संदेश नायक)
आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सू. प्रौ. और संचार विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक (तकनीकी), राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
5. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर (उपनिदेशक) समस्त जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राज0 जयपुर।
6. समस्त ग्रुप हैड, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, मुख्यालय, राज0 जयपुर।
7. समस्त कर्मचारियों को पालनार्थ।
8. रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव